भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

फ़ोन नंबर : 23005700; फैक्स : 23005787

दिनांक : 25 सितम्बर, 2016

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उरी और आतंकवाद पर वक्तव्य

भारतीय जनता पार्टी जम्मू-कश्मीर के उरी में स्थित भारतीय सेना के कैंप पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करती है। इस जघन्य एवं कायरतापूर्ण हमले में 18 बहादुर जवान शहीद हो गए। हम शहीद जवानों के प्रति भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। देश इस बात के लिए संकल्पित है कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का करारा जवाब दिया जायेगा।

आंतकवाद, लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। आतंकवाद अपने आप में मानवाधिकारों का सबसे बड़ा हननकर्ता भी है। यदि आतंकवाद किसी देश की सरकारी नीति का एक हिस्सा बन जाए तो यह किसी भी दृष्टिकोण से युद्ध अपराध से कम नहीं होता है।

पाकिस्तान आज सरकारी नीति के रूप में आंतकवाद को खुले तौर पर समर्थन दे रहा है और प्रायोजित कर रहा है। भारत बहुत लंबे समय से पाकिस्तान की इस नीति का शिकार रहा है। पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से हमने अनेकों बड़े और छोटे आंतकी हमले सहे है। अभी हाल ही में उरी में हमला हुआ हैं। यहां तक कि जम्मू-कश्मीर में भी चरमपंथी अलगाववादी आंदोलन को भी पाकिस्तान ने बढ़ावा दिया है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा संयुक्त राष्ट्र में दिया गया भाषण इस बात का पुख्ता सबूत है कि पाकिस्तान खुले तौर पर दुनिया में आतंकवाद की वकालत करता है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री द्वारा अपने भाषण में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिद्दीन के एक आतंकी का खुले रूप से नाम लेकर उसे शांतिप्रिय युवा बताने से पूरा विश्व हतप्रभ है। पाकिस्तान ने अपने बजट के खरबों डॉलर का इस्तेमाल अपनी जमीन

पर आंतकियों को तैयार करके उन्हें दुनिया के अनेक देशों में भेजने का काम किया है। इसलिए पाकिस्तान पिछले सालों में वैश्विक आंतकवाद की धुरी बनकर उभरा है।

भाजपा, उरी आतंकी हमले के साजिश कर्ताओं के प्रति देश की जनता में पैदा हुए व्यापक रोष और गुस्से को महसूस करती है। यह गुस्सा केवल जनता की भावनाओं का प्रकटीकरण नहीं है बल्कि यह हमारे पड़ोसी द्वारा बार-बार किए जा रहे शरारतपूर्ण और कायरतापूर्ण हमले के कारण जनता के गुस्से का प्रकटीकरण है। भाजपा और केंद्र सरकार शुरुआत से आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति रही है। आतंकवादियों के इस प्रयास का मजबूत और उनको परास्त करने वाला जवाब दिया जायेगा।

केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई रणनीतिक और मजबूत कार्यवाही के कारण 8 महिनों में ही 117 आतंकवादी मारे गए हैं, जो विगत समय में सबसे ज्यादा हैं। 8 महिनों में आतंकवादीयों द्वारा देश की सीमाओं के सम्मान का उल्लंघन करने के 17 प्रयास किये गए , जिसे हमारे बहादुर जवानों ने विफल किया है। उस विफलता से ही हताश होकर उरी की घटना का अंजाम दिया गया है। यह एक लम्बी लड़ाई है, जो हम पर हमारे पड़ोसी द्वारा थोपी गई है। उरी उसका एक पड़ाव मात्र है उसका अंतिम परिणाम नहीं है, अंतिम विजय हमारी होगी। प्रधानमंत्री जी ने भी देश की जनता को दोषियों को दण्डित करने का आश्वासन दिया है।

उरी घटना के बाद भारत सरकार ने विश्वमंच पर जो कूटनीतिक प्रयास किये हैं, उनका हम पुरजोर समर्थन करते हैं। इन प्रयासों के कारण पाकिस्तान की आतंकवाद को बढ़ावा देने की नीति का असली चेहरा दुनिया के सामने लाने में सरकार सफल हुयी है और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग हुआ है। लड़ाई कितनी भी लम्बी हो हम लड़ेंगे और अंतिम विजय भारत की सेना की ही होगी, इसका हमें विश्वास है। भारतीय जनता पार्टी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है, सेना के जवानों के साथ है और भाजपा देश की जनता से अपील करती है कि आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई में पूरा देश और सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर केंद्र सरकार और सेना का साथ दें।

****